# खनन से अर्थव्यवस्था को किया मजबूत: कोरंगा

**हल्द्वानी, मुख्य संवाददाता।** राज्य स्तरीय जलागम परिषद के उपाध्यक्ष शंकर कोरंगा ने सोमवार को कालाढूंगी रोड स्थित आवास में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में खनन विभाग ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। विभाग ने पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और सहभागिता से राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत की है।

कोरंगा ने कहा, खनन विभाग में जहां वर्ष 2012-13 में राजस्व मात्र 109.90 करोड़ रुपये था, वहीं 2024-25 में यह 1040.5 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह वृद्धि उत्तराखंड के आर्थिक सशक्तिकरण और सुशासन का स्पष्ट प्रमाण है। राज्य सरकार की यह नीति पूरे देश में उत्तराखंड मॉडल के रूप में सराही जा रही है। सरकार का राजस्व बढ़ने से विकास कार्यों की रफ्तार भी तेज हुई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का यह प्रयास प्रदेश को नई दिशा देने वाला साबित हो रहा है।



**प्रदेश सरकार का राजस्व बढ़कर 1040 करोड़ पहुंचा**